॥ ओ३म् ॥

प्रभु से विनय

प्रभु! आप कैसी मेरी पवित्र माँ है। हे माँ! तू कितनी भोली है, तू कितनी पवित्र है। हम तेरे आङ्गन में आते हैं, तू विष्णु रूप से भी कहलाई गई है। शक्ति रूपों से भी तेरा प्रतिपादन किया गया है। माँ! तू कितनी भोली है। जब हम तेरे आँगन में आते हैं, तो ज्ञान और विवेक से युक्त होकर के आते हैं, माँ! वास्तव में तू हमारे हृदय का भरण कर देती है। तू, कैसी महत्ती है। तू कैसी ममतामयी है, बालक क्षुधा से पीड़ित हो रहा है माँ, तू उसे लोरियों का पान कराती हुई, उसकी क्षुधा और पिपासा को शान्त कर देती है। इसी प्रकार हे माँ! मैं तेरे द्वार पर, विवेकी बन करके आना चाहता हूँ। मुझे शक्ति दे, बल दे, ओज दे, तेज दे। जिससे माता मैं तेरी उस महान् ज्योति का दर्शन कर सकूँ। तेरी जो महान् ज्योति है तेरी जो करूणामयी ज्योति है, जिस करूणा से हे विष्णु! आप संसार का लालन पालन करते हैं! मैं भी तेरे द्वार पर आना चाहता हूँ। उस पिपासा में मैं रमण करना चाहता हूँ जिस पिपासा के लिए सदैव मानव अपने में ही परणित हो जाता है।

पूज्यपाद-गुरुदेव

अंक : 559 कुल पृष्ठ संख्या समग्र अंक : 634
वर्ष : 47 44 समग्र वर्ष : 53

अनुक्रम

क्रम संख्या	विषय	पृष्ठ संख्या
1. प्रभु से विनय	पूज्यपाद-गुरुदेव	3
2. अनुक्रम		4
3. ओ३म् रूपी सूत्र	पूज्यपाद-गुरुदेव	5-22
4. सुविधा न होने पर याग	पूज्यपाद-गुरुदेव	23-34
5. ऋषियों के उद्‌गार		35
6. दान, पुस्तकों की सूची व पुस्तक प्राप्ति के स्थान तथा सूचना इत्यादि		36-42

नम्र-निवेदन

पूज्यपाद गुरुदेव ब्रह्मर्षि कृष्णदत्त जी महाराज ने अपने प्रवचनों में वेदमन्त्रों का गान करते हुए उनकी प्रचलित भाषा में व्याख्या की है। उसी अमृत वाणी को जनकल्याण के लिए ''सँहिता'' रूप में प्रकाशित करने के लिए वैदिक अनुसन्धान समिति सभी श्रद्धालु एवम् दानदाताओं से सहयोग के लिए आह्वान करती है जिससे कि प्रकाशन का कार्य सुचारू रूप से ऊर्ध्वा गति को प्राप्त होता रहे। सहयोग की राशि समिति के बैंक खाते में स्वेच्छानुसार भेजने के लिए बैंक का विवरण निम्न प्रकार से है–

वैदिक अनुसन्धान समिति (पञ्जी.) **PAN No. – AAAAV7866J**

पंजाब नैशनल बैंक, खान मार्केट, नई दिल्ली

बैंक खाता नं. - 0149000100229389, IFSC Code – PUNB–0014900

website : www.shringirishi.in

Email : contact@shringirishi.in

॥ ओ३म् ॥

ओ३म् रूपी सूत्र

जीते रहो!

देखो मुनिवरो! आज हम तुम्हारे समक्ष पूर्व की भाँति कुछ मनोहर वेद मन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे। ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा, आज हमने पूर्व से जिन वेद मन्त्रों का पठन-पाठन किया। हमारे यहाँ परम्परागतों से ही उस मनोहर वेद वाणी का प्रसारण होता रहता है जिस पवित्र वेद वाणी में उस मेरे देव परमपिता परमात्मा की महती का वर्णन किया जाता है। क्योंकि वे परमपिता परमात्मा वरणीय माने गए हैं और जो भी मानव उसका वरण कर लेता है अथवा उसे वर लेता है वह प्रायः उसी को प्राप्त हो जाता है। इसीलिए हमें उस परमपिता परमात्मा को अपना वरणीय बना लेना चाहिए अथवा उसे वर लेना चाहिए क्योंकि उसको ही प्राप्त होना है और वे जो मानो उसका जो विचित्र मार्ग है उसी मार्ग का प्रत्येक प्राणी को पथिक बनना है। तो इसीलिए हम परमपिता परमात्मा को अपना वरणीय बनाना चाहते हैं और हमारे हृदय की उत्कट इच्छा रहती है क्या हम उस परमपिता परमात्मा को अपना वरणीय बनाएँ और उसे अपने अन्तर्हृदय में मानो उसके ज्ञान और विज्ञान को अपने हृदय का ग्राही बनाएँ जिससे संसार का जितना भी ज्ञान है अथवा विज्ञान है वे सर्वत्र मानव के अन्तर्हृदय में विद्यमान रहता है क्योंकि उसके ऊपर जो भी मानव अनुसन्धान करता है अथवा विचारता रहता है कि हमारा जो अन्तर्हृदय है हम उस हृदयग्राही बन करके अपने अन्तर्हृदय में जो भी क्रियाकलाप हो रहा है उस क्रियाकलाप में हम परणित हो जाएँ।

वेद मन्त्र ज्ञान-विज्ञान का स्त्रोत

मेरे प्यारे! आज का हमारा वेद मन्त्रः हमें कुछ कह रहा है मानो हमें

कुछ प्रेरणा दे रहा है, हमें उद्धृत कर रहा है। हे मानव! तू इससे प्रेरणा ले करके, प्रेरणादायक बन करके अपने जीवन को तू महान् बना और अपने मानवीय जीवन को पवित्र बनाता हुआ, ये जो संसार है इस संसार में प्रत्येक मानव बेटा! मान और अपमान से गृहित हो रहा है मानो मान-अपमान की तरङ्गों से हमें पार होना है। जो भी मानव उस परमपिता परमात्मा के आङ्गन में अथवा उसकी प्रतिभा में रत्त होना चाहता है वह बेटा! अपने कण्ठ में एक माला को धारण करना होगा क्योंकि प्रत्येक वेद मन्त्रः वेद की ऋचाएँ ज्ञान और विज्ञान की उड़ाने उड़ती रहती हैं। प्रत्येक वेद मन्त्र में बेटा! परमपिता परमात्मा का ज्ञान और विज्ञान है अथवा उसमें जड़वत् का भी विज्ञान है और चेतनवत् का भी। परन्तु देखो ऐसा हमारे आचार्यों ने कहा है अनुसन्धानवेत्ताओं के समीप बेटा! नाना प्रकार के प्रश्न, नाना प्रकार की धाराओं की उपलब्धियाँ होती रहती हैं।

ओ३म् का उच्चारण

एक समय बेटा! महर्षि शाण्डिल्य मुनि महाराज से ये प्रश्न किया गया क्या महाराज जब तुम वेदों का गान गाते हो, जब वेदों की ध्वनि में ध्वनित होते हो तो प्रत्येक वेद मन्त्र के साथ में तुम ओ३म् का उच्चारण करते हो। मानो ओ३म् का उच्चारण तुम क्यों कर रहे हो? तो मुनिवरो! देखो महर्षि शाण्डिल्य मुनि महाराज ने उन दार्शनिकों से ये कहा कि तुम ये जानते हो कि प्रत्येक वेद मन्त्र में परमात्मा का ज्ञान और विज्ञान है, तरङ्गेवाद है मानो नाना प्रकार का अणु और परमाणु उसमें रत्त हो रहा है। प्रत्येक शब्द वेदों के मन्त्रों का हमें मानो ऊँची-ऊँची उड़ाने उड़ाता रहता है। चाहे वह अध्यात्मिक विज्ञान हो चाहे वह भौतिक विज्ञान हो परन्तु देखो उसकी उड़ाने उड़ी जाती हैं। एक परमाणु है वो वायुमण्डल में मानो गमन कर रहा है वह मानो अपनी प्रतिक्रियाओं में क्रीत हो रहा है, क्रीड़ा कर रहा है। परन्तु मुझे ऐसा स्मरण है वैज्ञानिकों ने उस परमाणु को जब अपने में रत्त करके बेटा!

उसका विभाजन किया तो विभाजन करने से ही मानो देखो उस एक ही परमाणु में बेटा! जितना ये ब्रह्माण्ड है मानो उस ब्रह्माण्ड का सर्वत्र मानो उसमें दिग्दर्शन हो रहा था। तो मेरे प्यारे! जहाँ एक-एक परमाणु में मानो देखो इस संसार, ब्रह्माण्ड का चित्रण होता हो चित्ररम् रथप प्रव्हा वाचन्नमम् ब्रह्मे मानो देखो जहाँ चित्रण हो रहा हो मानो उस ब्रह्माण्ड का कोई सूत्र अवश्य है। तो मेरे पुत्रो! जब सूत्र की वार्त्ता आई तो मानो शाण्डिल्य ऋषि महाराज ने कहा हे ऋषियों! मेरे विचार में ये आता है क्या ओ३म् का उच्चारण इसीलिए मानव को करना चाहिए क्योंकि जितना भी ज्ञान और विज्ञान प्रत्येक वेद मन्त्रों के गर्भ में है परन्तु उसका कोई सूत्र है और वह यदि कोई सूत्र है तो बेटा! वो ओ३म् हो सकता है। ओ३म् ही मानो प्रत्येक वेद मन्त्र का सूत्र बना हुआ है। **प्रत्येक वेद मन्त्र बेटा! मनके की भाँति है और वह मनका मानो देखो ओ३म् रूपी सूत्र में पिरोया हुआ है।** जब ओ३म् रूपी सूत्र में प्रत्येक वेद मन्त्रों का ज्ञान और विज्ञान पिरोया जाता है तो मेरे पुत्रो! देखो महापुरुषों का बेटा! एक माला के सदृश वह माला बन जाती है और उस माला को मुनिवरो! देखो ऋषि मुनि अपने कण्ठ में धारण करते हैं अथवा वह जो माला है वह बड़ी विचित्र बन करके रहती है। तो मेरे प्यारे! इसीलिए प्रत्येक मानव को ओ३म् रूपी सूत्र में अपने को पिरो देना चाहिए। ओ३म् रूपी सूत्र में जो मानव अपने को पिरो देता है बेटा! वो धन्य हो जाता है। वह अपने में महान् और पवित्र बन जाता है। मेरे प्यारे! देखो जिस मानव की ये धारा, ये माला छिन्न-भिन्न हो जाती है वह मानव मुनिवरो! देखो मोक्ष के मार्ग से भी मानो देखो! अपने में हठित हो करके इस पुनः संसार में पुनरुक्तियों को प्राप्त होता रहता है।

परमपिता परमात्मा का सन्निधान

मैंने बहुत पुरातन काल में तुम्हें बेटा! ये निर्णय देते हुए कहा था

जैसे मानो सन्निधान मात्र से ही मेरे प्यारे! देखो प्रत्येक अणु और परमाणु का स्वभाव जागरुक हो जाता है परन्तु देखो इसी प्रकार हमारे यहाँ परमपिता परमात्मा का सन्निधान मात्र से ही मेरे प्यारे! देखो ये सृष्टि का क्रम प्रारम्भ हो जाता है। नाना-नाना लोक-लोकान्तर एक-दूसरे में सहायक बनने लगते हैं, एक-दूसरे में ओत-प्रोत की चर्चाएँ मैंने कई काल में तुम्हें प्रगट की हैं। आज मैं करना नहीं चाहता हूँ, विचार ये मानो देखो प्रत्येक अणु और परमाणु अपने में सहायक बना हुआ है जैसे मानो देखो मधुमक्ख होता है उसमें एक मानो देखो उसमें जो एक मधुमक्खी है वो शासन कर्त्ता होती है उसको मानो देखो धिराज, उसको धिराज मक्ख कहते हैं। मानो देखो उसी के अन्तर्गत सर्वत्र मानो देखो मधुमक्खियाँ अपना क्रियाकलाप करती रहती हैं। नाना प्रकार का अमृत ला करके एक स्थली पर मानो स्थिर कर देती हैं। परन्तु जब तक वह शासन करता रहता है तभी तक मुनिवरो! देखो मधुमक्खियाँ मधु को एकत्रित करती हैं और जब उसका शासन छिन्न-भिन्न हो जाता है मेरे प्यारे! वो अमृत को एकत्रित करना समाप्त कर देती हैं। इसी प्रकार मुनिवरो! देखो यह हमारे मानव शरीर में भी ये प्रतिक्रिया हो रही है। यही मानो ओ३म् रूपी सूत्र मानो जब किसी का सूत्र ही नहीं रहेगा तो बेटा! ये जगत् की रचना कैसे दृष्टिपात आएगी। इसीलिए हमारे यहाँ सूत्र होना चाहिए। उस सूत्र की विवेचना करते हुए हमारे आचार्यों ने अपनी बहुत ऊर्ध्वा में अपने विचार व्यक्त किए हैं। उन्होंने कहा है, **शाण्डिल्य मुनि का तो ये कथन है** कि हमारा जो मानव का ये शरीर है इसका जो अणु और परमाणु है मानो वह भी किसी सूत्र में पिरोया हुआ है और वह सूत्र यदि हो सकता है तो ओ३म् ही सूत्र है। जो मानो देखो प्राणो का रक्षक है प्राणों को वर्धा, प्राणों को देने वाला है, ऊर्ध्वा में देने वाला है। मानो वही तो प्राणस्वरूप कहलाता है। तो आओ मेरे प्यारे! हम उस ओ३म् रूपी सूत्र को अपना मानो प्रिय बनाते हुए अपने जीवन को महान् और पवित्र बनाते चले जाएँ।

महर्षि शाकल्य मुनि महाराज का तप

मेरे प्यारे! आओ मुझे इसी वाक्य को लेकर के एक वार्त्ता मुझे स्मरण आ रही है। मानो जिनका धागा मुनिवरो! देखो सूत्रः ये सूत्र मानो माला से भिन्न हो गया है, जो भी सूत्र माला से भिन्न हो गया मेरे प्यारे! वो कितना महान् मानो उनको कितना कठिन अपने पुनः तपस्या में परणित होना हुआ है। मेरे प्यारे! मुझे स्मरण है एक समय महर्षि शाकल्य मुनि महाराज अपने आसन पर विद्यमान थे। महर्षि शाकल्य मुनि महाराज प्राणों का निरोध करते थे–प्राण को अपान में मानो अपान को व्यान में, व्यान को समान में और समान को उदान में परणित करते हुए। मेरे प्यारे! देखो अन्तःकरण में जो हमारे जन्म-जन्मान्तरों के जो संस्कारों का उद्बुद्ध होना मानव के उन संस्कारों का क्षय कर रहे थे। क्षय करते-करते बेटा! उन्होंने बहुत तप किया। उन्होंने कई समय बेटा! वायु का सेवन किया। अपने मानवीय जीवन में ये विचारा उन्होंने क्या मुझे अनुष्ठान के द्वारा ही मानो चित्त में जो भिन्न-भिन्न नाना संस्कार विद्यमान हैं जन्म जन्मान्तरों के संस्कार विद्यमान हैं। एक समय बेटा! उन्होंने इन पाँचों प्राणों का जो निरोध किया और इसमें नाग और देवदत्त की जो दोनों की पुट लगाई बेटा! देखो मानो इसमें मन को पिरोया गया। जब मन को पिरोया गया तो ऐसा बेटा! उनके जीवन काल की ऐसी आभा प्राप्त होती है उन्हें बेटा! देखो सात जन्मों की क्या उन्हें करोड़ों जन्मों के संस्कार उनके समीप आ गए और करोड़ों जन्मों के संस्कार बेटा! वो समाधि में मानो प्रायः दृष्टिपात करने लगे। तो मुनिवरो! देखो वह उनका क्षय कैसे करने लगे। मेरे प्यारे! नाना-नाना प्रकार के प्राणायम करने से जैसे शीतली प्राणायम की मैंने तुम्हें कई काल में चर्चाएँ की हैं। मानो देखो खेचरी मुद्राएँ, व्रीत मुद्राएँ, सोमय मुद्राएँ मेरे पुत्रो! नाना प्रकार की मुद्राओं में तुम्हें मैं कई काल मे ले गया हूँ। आज मुझे इतना समय मानो उन

मुद्राओं में नहीं ले जाऊँगा। विचार क्या मानो देखो उन मुद्राओं के द्वारा मुनिवरो! देखो महर्षि शाकल्य मुनि महाराज ने बेटा! बारह-बारह वर्ष का उन्होंने अनुष्ठान किया और उस अनुष्ठान में वायु का सेवन करते थे। एक अनुष्ठान किया तो उन्होंने पत्र और पुष्पों को सेवन किया। मानो एक अनुष्ठान किया तो मुनिवरो! देखो उन्होंने अग्नि, अग्नि परमाणुओं को अपने में सिञ्चन करना प्रारम्भ किया। मेरे प्यारे! उनका अनुष्ठान इतना विचित्र रहता था मुझे स्मरण है प्रातःकालीन बेटा! वो मानो देखो प्रातःकालीन वह अपने वनो में से अपने आश्रम के अङ्ग-सङ्ग मानो साकल्य एकत्रित करते थे और वह साकल्य एकत्रित करके उनके द्वारा बेटा! अग्नि को प्रज्वलित करना और अग्नि को प्रज्वलित करके वो साकल्य का हुत देते थे। जब साकल्य की आहुति देने लगे तो मुनिवरो! देखो वह नित्यप्रति उनका यह क्रियाकलाप चलता रहता।

मेरे प्यारे! देखो वह जिस राष्ट्र में वो गमन करते थे जिस राष्ट्र में उनका वास रहता था मेरे प्यारे! देखो सोमवृत्तिका नामक राजा थे। उन्होंने ऋषि के लिए बेटा! गऊ के घृत का मानो प्रतिरोध किया और उन्होंने बेटा! गऊ का घृत देना प्रारम्भ किया। परन्तु ऋषि ये जानते थे क्या ये गौ घृत मैं कैसा दे रहा हूँ? मेरे प्यारे! देखो सोमवृत्तिका जो राजा थे वे मानो देखो अपने स्वयँ, कृषि उद्गम करते थे और उन्हीं में गौऊओं का पालन करते थे। और उसमें जो घृत लेते बेटा! वो ऋषि को प्रदान यज्ञ के लिए किया करते थे। ऐसा बेटा! मुझे स्मरण आ रहा है क्या मानो देखो जब वो घृत देते थे उनके द्वारा वो याग करते थे। जब वो याग करने लगे और स्वतः बेटा! उसको पान नहीं करते थे। वह खेचरी मुद्रा से सोमवृत्तिका मानो मुद्रा से बेटा! वायु का वो सेवन करते थे। वायु को सेवन करना अग्नि होत्र के द्वारा गौ घृत के द्वारा साकल्य स्वतः ही एकत्रित करके वनो से बेटा! उसके द्वारा वो याग कर्म करते थे। याग इसलिए करते थे कि वायुमण्डल पवित्र बन जाए। मेरे

अङ्ग-सङ्ग मानो कोई भी अशुद्धियाँ न रहें जिससे मैं संस्कारों को निरोध करने में मानो समाधि में मेरे में वह परमाणु सहायक बन सके।

याग में सोमवृत्तिका सोमवाचक मुनि क आगमन

मेरे प्यारे! ऐसा जीवन है क्या शाकल्य मुनि महाराज एक समय बेटा! याग कर रहे थे तो। मुनिवरों देखो कहीं से भ्रमण करते हुए मुनिवरो! देखो सोमवृत्तिका सोमवाचक मुनि महाराज बेटा! कहीं से भ्रमण करते-करते शाकल्य मुनि के समीप आ गए। तो शाकल्य मुनि महाराज प्रातःकालीन याग कर रहे थे। वह भी याग में आ करके बेटा! अपना साकल्य देने लगे। जब देने लगे तो उन्हें मुनिवरो! देखो उन्होंने अपने में अपने प्राण को निरोध करके बेटा! ये दृष्टिपात किया मन के द्वारा क्या ये जो मानव आहुति दे रहा है, ये तो अशुद्ध दे रहा है। इसका मन मानो शान्त नहीं है। इसके मन में अशान्ति है। तो मुनिवरो! देखो उन्होंने कहा हे ऋषिवर! आप कृपा करें आप मेरे इस याग में आहुति न दें। उन्होंने कहा भगवन् क्यों? उन्होंने कहा तुम्हारा मन अशान्त है, तुम्हारे मन जो अशान्त है वह मेरे वायुमण्डल को मानो ये आहुति तेरी अशान्त कर देगी। मेरा मानो देखो वायुमण्डल इनसे पवित्र नहीं बनेगा। तो मेरे प्यारे! देखो जब ऋषि ने ये वाक्य श्रवण किया तो ऋषि चरणों में ओत-प्रोत हो गए और उन्होंने कहा हे भगवन्! आप तो बड़े विचित्र महान् हैं। भगवन्! मानो आपने मेरे अन्तर्हृदय की अशान्ति को जान लिया। उन्होंने कहा ये कारण क्या है? क्या महाराज मैं अपने विद्यालय में से आ रहा हूँ। एक ब्रह्मचारी को मैंने मानो देखो शारीरिक दण्ड दिया और वो दण्ड मैंने कठोर दे दिया है। उस दण्ड के होने से मेरे हृदय में ये कल्पना हो रही है क्या ये तूने पाप कर्म किया है, अनायास मानो ब्रह्मचारी को दण्डित किया है और ये इसका पाप तुझे अवश्य प्राप्त होगा। अब मानो देखो पाप शुभ कर्मों का अशुद्ध कर्मों का दोनों का संग्राम हो रहा है मेरे अन्तर्हृदय में। तो मुनिवरो! देखो जब उन्होंने

ये श्रवण किया तो मुनिवरो! देखो वे शान्त हो गए। आहुति देनी उन्होंने शान्त कर देई। शाकल्य मुनि ने इस प्रकार का याग किया।

महर्षि शाकल्य मुनि महाराज की प्रभु से वार्त्ता

मुनिवरो! मुझे कुछ ऐसा स्मरण है क्या महर्षि शाकल्य मुनि महाराज ने उनके साहित्य से ये प्रतीत हुआ क्या मुनिवरो! **उन्होंने इस प्रकार के बारह-बारह वर्ष के बेटा! देखो लगभग नौ अनुष्ठान किए** और नौ अनुष्ठान करके बेटा! वह मानो देखो उनका जो अन्तर्हृदय में जो मानो चित्त के मण्डल में नाना जन्मों के संस्कार थे अशुद्ध उनका क्षय हो गया। मेरे प्यारे! जब उनका समापन हो गया तो वे मोक्ष के निकट चले गए। जब वे मोक्ष के निकट चले गए तो मुनिवरो! अपने प्रभु से वार्त्ता प्रगट करते थे। मानो उन्होंने उस साकल्य को समाप्त कर दिया, याग को परन्तु वे परमपिता परमात्मा के अपनी भावनाओं को साकल्य बना करके बेटा! परमात्मा (की) चेतना में परणित करने लगे।

महर्षि शाकल्य मुनि महाराज की माला का क्षय

जब वे परणित करने लगे तो मुनिवरो! देखो वह ब्रह्मे वाचम् ब्रहे। एक समय बेटा! वह उनकी ओ३म् रूपी जो वह माला उन्होंने धारण की थी प्राणायम की और ओ३म् रूपी सूत्र में मानो वह प्राण और मन को दोनों को पिरो दिया था उस माला को उसमें धारण कर लिया था। बेटा! उस माला का कुछ क्षय हो गया। और क्षय क्या हुआ मुनिवरो! देखो एक समय वाणों सम्भूति एक दैत्य था, मानो देखो दैत्य उसे कहते हैं जो मांस भक्षण करने वाला हो। मानो देखो वह कहीं भ्रमण करते हुए एक हिरणी के मानो देखो पीछे वो गमन कर रहे थे। हिरणी अग्रगणीय है और मानो वो दैत्य उसके पश्चात् में। तो मेरे प्यारे! देखो उन्होंने अपने शस्त्र का जैसे ही आक्रमण किया वह हिरणी पूर्ण रूपेण मानो देखो गर्भ से थी। वह गर्भवती मानो गर्भाशय में उनके शिशु था। मेरे प्यारे! जैसे उन्होंने

अस्त्र-शस्त्र का प्रहार किया तो मुनिवरो! देखो हिरणी के गर्भ से उसका बाल्य मानो पृथक हो गया और हिरणी आगे मानो देखो भ्रमण करती तीव्र गति से भयभीत में मानो अग्रगणीय बन गई। ऐसा बेटा! देखो ऐसा उन्होंने व्रहे वह भी आगे चला गया परन्तु शाकल्य मुनि के आश्रम में जहाँ वो परमपिता परमात्मा से वार्त्ता कर रहे थे, ओ३म् रूपी सूत्र में अपने को पिरो दिया था, बेटा! मानो देखो उस माला का क्षय हुआ। तो बेटा! हिरणी का बाल्य मानो जरायुज में वह विद्यमान है, कोई-कोई श्वास की गतियाँ चल रही हैं। तो मेरे प्यारे! देखो वह जैसे श्वासम ब्रह्म वाहाः मानो ऋषि ने बेटा! मानो उसके अङ्गम ब्रह्मा उसके मुखारबिन्दु में कुछ जल का प्रोत किया तो बेटा! उसके श्वासों की गति प्रबल बन गयी। मानो वह मूल में ये कि वह जीवित हो गया और जीवित हो करके बेटा! ऋषि ने अपने कण्ठ में उसको कण्ठित कर दिया। अपने आङ्गन में आलङ्गन करते हुए मानो उसे प्रीति की तो बेटा! वह जो परमपिता परमात्मा से एक माला बनी हुई थी उस माला का क्षय होने लगा। तो मेरे प्यारे! देखो उस बाल्य से मोह हो गया। परमात्मा से वार्त्ता जो मोक्ष के निकट ऋषि जा रहा था मानो देखो वह वार्त्ता ऋषि की समाप्त हो गयी। मेरे प्यारे! ममता में परणित हो गया।

जब ममता में परणित हो गया तो मानो देखो हिरणी के बाल्य से वार्त्ता करने लगे। वे मोह ममता में मानो परणित हो गए ऐसा बेटा! स्मरण है क्या मुनिवरो! देखो वह पुनः बाल्य भोज करते उसके पश्चात् ऋषि भोज करते। तो बेटा! उससे इतना अत्यन्त मोह बन गया मानो पूर्ण आयु होने पर मेरे प्यारे! हिरणी के बाल्य का मृत्यु हो गया। जब मृत्यु हो गया और उसके शरीर का विच्छेद हो गया तो ऋषि को बेटा! ममता आ गयी। मानो उसके मोह में उसे शान्ति नहीं प्राप्त हुई। तो मेरे प्यारे! कुछ समय के पश्चात् उसी ममता में उस अन्तरात्मा ने बेटा! उस शरीर को त्याग दिया।

शाकल्य मुनि जी की आत्मा का पुनः से आगमन

जब शरीर को त्याग दिया त्याग देने के पश्चात् बेटा! देखो अम्ब्राहा अम्बिका नामक मानो देखो राजा के यहाँ अम्बिका राजा उस समय बड़े महान् मानो देखो महान् सतोगुणी थे। अम्बिका राजा के यहाँ मानो उनकी पत्नी का नाम शकुन्तकेतु था और शकुन्तकेतु के गर्भ में बेटा! उस आत्मा का प्रवेश हो गया। मानो देखो आत्मा का जब प्रवेश हो गया तो माता के गर्भ में बेटा! जब आत्मा मानो शिशु के रूप में प्रवेश कर गया तो मेरे प्यारे! देखो वह बाल्य वह जो आत्म मानो शाकल्य मुनि का आत्मा संस्कारों से विहीन था, परमात्मा के निकट से आए थे परन्तु उसे ज्ञान था माता के गर्भाशय का तो मेरे प्यारे! वहाँ रुद्र की नदियाँ गमन कर रही हैं। मानो देखो एक ऐसा अपार उसे कष्ट हुआ मानो माता जो तीक्ष्ण पदार्थों का पान करती वह भी अपार कष्ट हो रहा था। तो वह आत्मा माता के गर्भस्थल में कह रहा था प्रभु से हे भगवन्! मैंने मानो मोह किया है प्रभु मैं आगे चल करके मोह नहीं करूँगा। मानो इस नरक से मुझे दूरी करो मैं नरक के गृह में आ गया हूँ यह गृह मुझे नहीं चाहिए। प्रभु मैने प्रयास तो किया था परन्तु मेरी माला का एक मानो देखो मन का विच्छेद हो गया है। हे प्रभु! मानो देखो मुझे यहाँ से दूरी कर दो। तो मेरे प्यारे! ऐसा अब्रहे प्रार्थना करता रहा क्योंकि आत्मा तो सदैव प्रार्थना अपने प्रभु की करता ही रहता है। मेरे पुत्रो! ऐसा अब्रहे कुछ समय के पश्चात्, नौ माह के पश्चात् माता के गर्भ से वह आत्मा पृथक् हो गया। मानो देखो शरीर को धारण करके जब वह आत्मा आ गया तो बेटा! देखो राजा के यहाँ मानो अम्बिका राजा के यहाँ एक आनन्द के स्त्रोत बहने लगे, मानो एक आनन्द आने लगा। मेरे प्यारे! देखो वेद के पठन-पाठन करने वाले कहीं याग हो रहा है, कहीं साम गान गाया जा रहा है, कहीं मानो यजूँषि वेदों का पठन-पाठन हो रहा है। मेरे प्यारे! अपने में देखो ब्राह्मणजन क्या ऋषि मुनि राष्ट्र में रहने वाले मानो देखो पुत्रवत् को आनन्द की

आभा में परणित करा रहे थे। राजा अपने में प्रसन्न हो रहा था। सर्वत्र राष्ट्र में बेटा! एक आनन्दमयी ज्योति जागरुक हो गयी राजा के यहाँ राजकुमार हुआ है मानो इस प्रकार की स्वर ध्वनियाँ होने लगीं।

मेरे प्यारे! देखो कुछ समय के पश्चात् वह बालक प्रबल हुआ परन्तु वह माता के गर्भ में जो उसने सङ्कल्प लिया था क्या मैं मोह नहीं करूँगा। मेरे प्यारे! देखो उस बालक को किसी से मोह नहीं था। उस बाल्य का नाम ही उन्होंने बेटा! जड़ भरत के रूप में परणित किया, वही बालक जड़ भरत के रूप में मानो देखो अपनी आभा में रत्त रहा। तो मेरे प्यारे! देखो उन्होंने, राजा ने राष्ट्र के जो मानो देखो वैद्यराज थे उन वैद्यराजों को चिकित्सा के लिए चिकित्सालय में परणित कराया इसका मस्तिष्क अशुद्ध है, मानो भ्रमित है। तो मेरे प्यारे! देखो उसकी चिकित्सा हुई, कुछ न हो सका। कुछ समय के पश्चात् उन्होंने कहा इसको वाटिका में नियुक्त कर दो। मेरे प्यारे! जैसे वो वाटिका में रहते तो वाटिका में मानो देखो उनके यहाँ जो पुष्प और जो नाना मानो देखो वृक्ष थे उनको नष्ट करने लगा।

महाराजा जड़ भरत का भयङ्कर वन में गमन

जब उन्हें नष्ट करने लगा तो उन्होंने देखो वह वाटिका के स्वामी ने जा करके राजा से कहा प्रभु वह जो राजकुमार हैं उसने अमुख वाटिका का विनाश कर दिया है। अमुख वृक्ष को समाप्त कर दिया है, अब क्या करें? तो मेरे प्यारे! राजा ने कहा था भगवन्!, तो राजा उस वाटिका में पहुँचे तो राजा ने कहा कि जाओ मेरे राष्ट्र से तुम दूरी हो जाओ, तुम मेरे राष्ट्र में अन्न ग्रहण नहीं करना। मेरे प्यारे! देखो जड़ भरत ने राजा के वाक्य को पान करके मानो देखो उस वाटिका को त्याग करके भयङ्कर वन में चले गए। और वन में बेटा! पत्र-पुष्पों को पान करना और मानो देखो वह अपने में शान्त जैसे जड़वत रहता है इस प्रकार वह आत्मा में लीन रहते, आत्मा में ज्ञान और विज्ञान से युक्त रहते।

राजा नहुष का जड़ भरत से मिलन

मेरे प्यारे! देखो महाराजा मनु वंश में बेटा! देखो नहुष नाम के राजा नहुषाम भवुति प्रवहा नहुषू मुनि ने बेटा! अपने ज्येष्ठ पुत्र को राष्ट्र दे करके क्योंकि उस समय को ये नियमावली बेटा! बनी हुई थी क्या राजा मानो देखो अपने में ब्रहेवाचक प्रवहा लोकाम् मानो देखो अपने राष्ट्र को ज्येष्ठ पुत्र को दे करके वो सन्यास को प्राप्त हो जाते थे। प्रभु का चिन्तन करने के लिए तत्पर हो जाते थे। इसलिए बेटा! प्रजा मानो देखो राजाओं की आज्ञानुसार वह भी मानो देखो ज्ञान और विज्ञान और परमात्मा के चिन्तन में सदैव तत्पर रहती थी। तो मेरे प्यारे! ऐसा स्मरण है क्या मानो नहुषू नाम के राजा बेटा! भ्रमण करते हुए चार कहारों की वृत्तियों में बेटा! देखो वह पालिका में नियुक्त हो करके वह जब गमन कर रहे थे तो बेटा! देखो एक कहार, एक सेवक उनका मानो देखो रुग्ण हो गया। रुग्ण हो जाने से मङ्गलम् व्रहे वाचम् मेरे प्यारे! देखो वे जो और सेवक थे उन्होंने कहीं जड़ भरत विद्यमान थे उसे ला करके पालिका में नियुक्त कर दिया। वह जो पालिका को लेकर गमन करने लगे तो बेटा! वो जानता नहीं था कैसे हम इसको मानो अपने में सुसज्जित कर सकते हैं। तो कहीं राजा नीची स्थली पर हो जाए, कहीं ऊर्ध्वा में जो जाए तो राजा को क्रोध आ गया। बेटा! जब क्रोध आया उन्होंने पाली को शान्त करके उस जड़ भरत को मानो अपने डण्डों से उन्हें आक्रमण करना प्रारम्भ कर दिया। जब जड़ भरत को खूब डण्डित किया, डण्डित करने के पश्चात् जैसे राजा शान्त हुए ऐसे ही मानो देखो जड़ भरत अपने में मग्न होने लगा। वह प्रभु की महिमा को दृष्टिपात करके हर्ष ध्वनि करने लगा और प्रभु से कह रहा था प्रभु! तुम कितने अद्भुत हो, तुम कैसे महान् महिमावादी हो। हे प्रभु! मैंने तो पूर्व के जन्म में मोह ही किया था प्रभु और जो ये क्रोध भी करते हैं, मोह भी करते हैं, काम भी है परन्तु भगवन्! जब आपके द्वार पर जाएँगे तो इनकी आप क्या दशा करेंगे। हे प्रभु! मैंने तो केवल मोह ही मोह

किया है। मेरे प्यारे! जब वो हर्ष ध्वनि और ये प्रभु से याचना कर रहे थे तो महाराजा नहुषू ने कहा भगवन्! आप कौन है? उन्होंने कहा मुझे मानो जड़ भरत कहते हैं। मेरे प्यारे! देखो राजा उनके चरणों में ओत-प्रोत हो गए। उन्होंने कहा प्रभु! मैंने तो ये निश्चय किया था क्या मैं जड़ भरत को अपना गुरु बना करके मानो उससे गुरु दीक्षा ले करके मैं तपस्या करूँगा। हे प्रभु! मैंने आपको दण्डित किया है, मैं कितना महा पापी बन गया हूँ, भगवन्! मेरे पापाचार की कोई पुष्टि न रही। तो मेरे प्यारे! जब उन्होंने ये वाक्य कहा तो महात्मा जड़ भरत तो मौन और हर्ष ध्वनि कर ही रहे थे और प्रभु से ये ही याचना कर रहे थे कि प्रभु! मैंने तो मोह ही किया है परन्तु जो ये कामी, क्रोधी, लोभी, मोही जब तेरे राष्ट्र में पहुँचेंगे तो प्रभु! इनकी क्या दशा करोगे आप। तो मेरे प्यारे! देखो वह महाराजा जड़ भरत उनके समीप मानो देखो पालिका भी शान्त, सेवक भी राष्ट्र को चले गए और उनके चरणों की वह वन्दना करते रहे।

महाराजा नहुष को उपदेश

मेरे प्यारे! देखो महाराजा नहुषू को उन्होंने उपदेश दिया जब मङ्गलम् ब्रही ब्रताम् देवाः जब मुनिवरो! लगभग एक वर्ष हो गया सेवा करते हुए उसके पश्चात् महाराजा जड़ भरत ने कहा हे राजन्! तुम्हारी राष्ट्रीय प्रवृत्ति समाप्त हुई अथवा नहीं? उन्होंने कहा प्रभु मेरी प्रवृत्ति तो शान्त हो गयी है। मेरे प्यारे! देखो महाराजा नहुषू को उन्होंने कहा तो तुम मानो उस माला को धारण करो जिस माला को मैंने किसी काल में धारण किया था और मैं मोक्ष के निकट चला गया था। मेरी माला का एक मनका क्षय हो गया मानो देखो मुझे ही मोह हो गया और मोह होने से मेरी पुनःरुक्तियाँ दशा बन गयी है। राजा ने मुझे अपार कष्ट दिया, माता के गर्भ में जो अपार कष्ट हुआ उसका मैं वर्णन नहीं कर सकता। मुझे जो अपार आपात हुआ है मैं वर्णन करने में असमर्थ हूँ।

तो मेरे प्यारे! देखो जब उन्होंने ये कहा तो मुनिवरो! देखो महाराजा नहुषू चरणों में ओत-प्रोत हो करके कहा प्रभु! वास्तव में मैं इतना ही पापाचारी हूँ। हब भगवन्! मैंने राष्ट्रीय विचार, मेरे समाप्त हो गए हैं। अब मैं मानो उस माला को मुझे वर्णन कराइए। तो मुनिवरो! देखो उन्होंने पुनः से मेरे पुत्रो! देखो वो साकल्य एकत्रित करने लगे। साकल्य को एकत्रित करके मुनिवरो! देखो वह महाराजा नहुषू और महाराजा जड़ भरत तो शान्त थे ही परन्तु देखो उन्होंने इन्द्र के यहाँ से, राजा इन्द्र के यहाँ से उन्होंने एक कामधेनु गऊ को प्राप्त किया और कामधेनु गऊ को प्राप्त करके मानो देखो साकल्य लाते। महाराजा नहुषू ने बारह वर्ष का इस प्रकार अनुष्ठान किया क्या उस कामधेनु गऊ के दुग्ध और घृत के द्वारा उन्होंने पुनः से मुनिवरो! देखो वो याग प्रारम्भ किया। उसी याग का पुनः से अनुष्ठान किया।

पुनः से परमात्मा से वार्त्ता

मेरे प्यारे! देखो महाराजा जड़ भरत बारह वर्षों तक प्रातःकालीन दोनों याग करते और याग कर्म करके मानो देखो पत्र पुष्पों का पान करना है। बारह-बारह वर्षों का उन्होंने बेटा! अपना अनुष्ठान किया। प्राणायाम के द्वारा मानो देखो किसी-किसी काल में वायु का सेवन करते थे। मेरे प्यारे! ऐसा कुछ मानो प्रायः प्राप्त हुआ है उनके जीवन से उन्होंने अपने जीवन को बेटा! कितना क्रियात्मकमयी बनाया। मेरे प्यारे! पुनः से मानो देखो जड़ भरत ने और देखो ब्रहे वाचम् मानो देखो नहुषू राजा ने उनको नहुषू राजा नहीं कहते तो उनका नामो परिवर्तन हुआ। उन्हीं को मेरे प्यारे! देखो स्वानित ऋषि कहते थे, तो उन्होंने अपना नाम अब स्वानित ऋषि नियुक्त किया। मेरे प्यारे! वह बारह वर्षों तक पत्रों का अनुष्ठान, बारह वर्ष तक तो मानो वायु का सेवन का अनुष्ठान। मेरे प्यारे! देखो वह पुनः से उस पुनः जन्म ब्रह्मा क्रुतो। मेरे प्यारे! देखो पुनः से वह परमात्मा से वार्त्ता पुनः करने लगे। तो मेरे प्यारे! वो मोक्ष को प्राप्त पुनः से हुए।

माला को धारण करने की प्रेरणा

विचार-विनिमय क्या है? मेरे प्यारे! हमारे यहाँ वेद का जो मन्त्र है वेद के मन्त्र के प्रारम्भ में हम मेरे प्यारे! देखो ओ३म् का उच्चारण करते हैं। ओ३म् का इसीलिए क्या प्रत्येक वेद मन्त्रों में जो ज्ञान और विज्ञान है वो मनका बन करके ओ३म् रूपी सूत्र में पिरोया जाता है और ओ३म् रूपी सूत्र की मानो देखो मनके जब उसमें पिरोए जाते हैं तो बेटा! वो माला बन जाती है। उस माला को जो भी धारण कर लेता है, अपने कण्ठ में आलङ्गिन कर लेता है बेटा! वो ही मोक्ष को प्राप्त होने लगता है। तो आओ मेरे प्यारे! विचार-विनिमय क्या? आज मैं कोई विशेष विवेचना देने नहीं आया हूँ विचार ये देने के लिए आया हूँ बेटा! वेद के ऋषि ने अपने में कितना तप किया है। बेटा! वेद का ऋषि कौन होता है? जो वेद के मन्त्रों को ओ३म् रूपी सूत्र में पिरो करके बेटा! कण्ठ में धारण करके और अपने मानो देखो पाप पुण्य कर्मों का जो चित्त मण्डल में जो संस्कार हैं उन्हें जो मानो देखो उन संस्कारों का क्षय कर लेता है अथवा तपस्या के द्वारा, प्राणायाम के द्वारा जो उनका क्षय कर देता है वह उस माला को धारण करके बेटा! मोक्ष को प्राप्त हो जाता है।

प्रिय याग

आओ मेरे प्यारे! मैं विशेष विवेचना देने नहीं आया हूँ। हमारे यहाँ यागों का बड़ा विशिष्ट वर्णन आया है। विशिष्ट वर्णन क्यों है ब्रह्मे क्योंकि यागाम् जितना भी संसार का सुकर्म है चाहे वह मानो श्रोत्रिय हो, चाहे वह नेत्रिय हो, चाहे मानो देखो घ्राण के द्वारा मन्द सुगन्ध वाला हो, चाहे वाणी के द्वारा ध्वनित होने वाला हो, चाहे प्रीति में आने वाला त्वचा में हो बेटा! देखो इस प्रकार का जो ये याग कर्म है, इस प्रकार का जो सुकर्म है इस सर्वत्र का नाम याग कहलाता है। परन्तु इनमें एक विशेषता ये मानी गयी जैसे तपा आदमी में मेरे प्यारे! अनुष्ठान की अग्नि में जन्म-जन्मान्तरों के शुभ-अशुभ संस्कारों का क्षय

होता है मानो देखो इसी प्रकार जैसे बाह्य जगत में यह अग्नि प्रदीप्त हो करके साकल्य का सूक्ष्म रूप बना करके और वायुमण्डल को पवित्र बना देती है, यजमान की वाणी को पवित्र बना देती है। मेरे प्यारे! देखो ब्रह्मा अपने में ब्रह्मित होता हुआ वेद की ध्वनियाँ करता रहता है। मानो देखो उद्गाता उद्गीत गाते रहते हैं। तो मेरे प्यारे! देखो वो जो मेरा प्रिय याग है वह अपने में याज्ञिक रहता है, अपने में महान् बन करके पवित्रत्त्व रहता है।

मेरे प्यारे! आज मैं विशेष चर्चा न करता हुआ केवल क्या है? क्या ओ३म् रूपी सूत्र में बेटा! हम प्रत्येक याग की तरङ्गों को पिरोना चाहते हैं। प्रत्येक तरङ्गें बेटा! उस ओ३म् रूपी सूत्र में जब पिरोयी जाती हैं तो मेरे प्यारे! देखो ये माला बन करके इस माला को जो भी धारण कर लेता है वही बेटा! महान् बन जाता है। आओ मेरे प्यारे! मैं विशेष विवेचना देने नहीं आया हूँ, मैं कोई व्याख्याता नहीं हूँ, केवल परिचय देने के लिए आता हूँ और वह परिचय क्या है कि परमपिता परमात्मा की आराधना करते हुए मानो उसी ओ३म् रूपी सूत्र में मानो ज्ञान और विज्ञान को पिरोकर के बेटा! अपने जीवन को महान् बनाएँ और मुनिवरो! देखो उसी में हम रत्त रहने वाले बनें। ये है बेटा! आज का वाक्।

लोक-लोकान्तरों की माला

आज के वाक्य उच्चारण करने का अभिप्रायः हमारा क्या कि हम परमपिता परमात्मा की महती का वर्णन करते चले जाएँ। हमारे यहाँ वेदों का जो उद्घोष गाने वाले हैं, उद्गीत गाने वाले हैं मानो वो कई प्रकार से गाया जाता है। जैसे मुनिवरो! देखो माला पाठ है, जैसे माला बन जाती है इसी प्रकार शब्दों को एक-दूसरी आभा में पिरोना है। जैसे मुनिवरो! देखो परमपिता परमात्मा ने जब इस सृष्टि का सृजन किया सृष्टि का मानो देखो निर्माण किया तो एक तो परमाणु में परमाणु निहित है एक परमाणु परमाणु में पिरोया हुआ है। मेरे प्यारे! वो

परमाणुओं की माला बन रही है। इसी प्रकार लोक-लोकान्तरों की माला बन जाती है। मानो नाना पृथ्वियाँ, मानो नाना पृथ्वियों की माला बना करके, सूर्य अपने कण्ठ में धारण किए हुए है। नाना सूर्यों की माला बना करके मानो देखो बृहस्पति अपने कण्ठ में धारण कर रहा है। नाना बृहस्पतियों की माला बना करके मेरे प्यारे! देखो वह आरुणी वृत्तिका मानो देखो अपने में धारण कर रहा है। नाना देखो अप्रतम् ब्रह्म वाचो देवाः नाना अरुणियों की माला बना करके बेटा! देखो ध्रुव अपने में धारण कर रहा है। नाना ध्रुवों की माला बना करके मेरे प्यारे! देखो मूल अपने में धारण किए हुए है और नाना मूल की माला बना करके बेटा! स्वाति अपने में धारण किए हुए है। नाना मानो देखो ध्रुव अब्रवहा अप्रतम् देखो इनकी माला बना करके अचङ्ग मण्डल अपने में पिरोए हुए रहता है मेरे प्यारे! देखो नाना अचङ्ग मण्डलों की माला बना करके मेरे प्यारे! देखो वाचिक मण्डल अपने में धारण कर रहा है। नाना वाचिक मण्डलों की माला बना करके मेरे प्यारे! देखो गन्धर्व अपने में धारण कर रहा है। नाना गन्धर्वो की माला बन करके उसे इन्द्र अपने में धारण कर रहा है। मेरे प्यारे! देखो इतनी माला बन करके इतनी माला एक दूसरे में जो पिरोयी जाती है तो बेटा! एक आकाश गङ्गाएँ दृष्टिपात होने लगती हैं। मेरे प्यारे! देखो वह जो नाना आकाश गङ्गाएँ बनी हुई हैं। मुनिवरो! देखो लगभग ऐसा मुझे कुछ प्रतीत हुआ है देखो लघु-मष्तिष्क में जब ऋषि-मुनि पहुँचे तो ऐसा प्रतीत हुआ क्या मानो देखो ऐसी-ऐसी मानो पिचासी लाख मालाओं को धारण करने वाली आकाश गङ्गा बनी और वह आकाश गङ्गा जिसको मुनिवरो! देखो हमारे यहाँ नाना रूपों में देखो जिनको सौर मण्डलों के रूपों में प्रतीत मानो प्रतिपादित किया गया है। और ऐसी-ऐसी पिचासी लाख गङ्गाओं को धारण करके मुनिवरो! देखो एक मानो एक अवन्तिका बनी है। और एक मानो देखो पिचासी लाख अवन्तिकाओं की मुनिवरो! देखो एक निहारिका बन गई। तो विचार-विनिमय क्या बेटा! ये प्रभु का जो अनन्तमयी जगत है।

बेटा! इसी प्रकार ये मानो माला ओ३म् रूपी सूत्र में बेटा! ये लोक-लोकान्तरों की माला बनी हुई है।

देखो मेरे प्यारे जितना भी लोक-लोकान्तरों का ज्ञान और विज्ञान है मुनिवरो! ये ज्ञान-विज्ञान जितनी भी धाराओं में रत्त हो रहा है, तरङ्गों में रत्त हो रहा है ये उस परमपिता परमात्मा की महती है, उसी की वरण किया है मानो ऐसा कुछ प्रतीत होता है, ऐसा कुछ अनुभव होता है। जब समाधि के द्वारा इस ब्रह्माण्ड को योगीजन निहारते रहते हैं तो मेरे प्यारे! देखो ऐसा प्रतीत होता है क्या ये नाना प्रकार की जो माला बन करके एक-दूसरे में ओत-प्रोत हो रही हैं। ये ज्ञान-विज्ञान लोकों का ज्ञान-विज्ञान प्रत्येक वेद मन्त्रों में निहित रहता है। वह मानो देखो वह जो ओ३म् ब्रह्मा मानो देखो वो जो एक-एक वेद मन्त्र में ब्रह्माण्ड की प्रतिभा है और ओ३म् रूपी धागे में पिरोयी हुई है और उस धागे में बेटा! ये देखो सर्वत्र ब्रह्माण्ड पिरोया हुआ है।

मेरे प्यारे! आज मैं विशेष चर्चा न देता हुआ, **आज का वाक्य ये क्या कह रहा है**–प्रत्येक मानव को बेटा! उस माला को धारण करना चाहिए और जिसकी माला बेटा! विच्छेद हो जाती है शाकल्य मुनि की भाँति बेटा! वो मोह में परणित हो करके मानो प्रभु से वार्त्ता उसकी शान्त हो जाती है। इसीलिए मानव को प्रभु से वार्त्ता करनी चाहिए ममता में परणित नहीं .....

शेष अनुपलब्ध.....

दिनाँक : 29 जून, 1985
समय : सायँ 7 बजे
स्थान : ग्राम चांदना नगली
बिजनौर

।। ओ३म् ।।

सुविधा न होने पर याग

जीते रहो!

देखो मुनिवरो! आज हम तुम्हारे समक्ष पूर्व की भाँति कुछ मनोहर वेद मन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे। ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा, आज हमने पूर्व से जिन वेद मन्त्रों का पठन पाठन किया। हमारे यहाँ परम्परागतों से ही उस मनोहर वेद वाणी का प्रसारण होता रहता है जिस पवित्र वेद वाणी में उस महामना परमपिता परमात्मा की महिमा का गुणगान गाया जाता है। क्योंकि वह परमपिता परमात्मा अनन्तमयी हैं और वह यज्ञोमयी स्वरूप माने गए हैं। मानो याग उसका आयतन है, उसका गृह है, उसका सदन है और वह उसी में वास करता रहता है। तो हम उस परमपिता परमात्मा जो चैतन्य देव है, जो एक-एक मानो कण-कण में व्याप्त है हम उसकी सदैव उपासना करते रहते हैं। तो आज का हमारा वेद मन्त्र अपने में उद्गीत गा रहा है। तो आज का हमारा वेद मन्त्र हमें यह प्रेरणा दे रहा है कि मानव को याज्ञिक बनना चाहिए। क्योंकि कहीं से मुझे यह प्रेरणा आ रही है क्या याग के ऊपर अपना कुछ मन्तव्य दिया जाए अथवा कुछ विचार-विनिमय होना चाहिए। क्योंकि यागाम् भू वर्णमं। ऋषि-मुनियों ने बेटा! सृष्टि के प्रारम्भ से ले करके और वर्तमान के काल तक ऋषि-मुनियों ने वेदज्ञं और याग के ऊपर उन्होंने बड़ा अनुसन्धान किया है, और वेद के मन्त्रों को ले करके वेदज्ञ बनने का प्रयास किया। तो आज का हमारा वेद मन्त्र भी कि यागाम् भव वर्णं प्रव्हा व्रत श्वञ्जनं देवाः क्या हे मानव! तू याज्ञिक बन क्योंकि याज्ञिक बनना ही तेरा कर्त्तव्यवाद माना गया है। तो मेरे प्यारे! वेद का एक-एक मन्त्र हमें उस आभा में परणित कर रहा है जिस आभा में जाने के पश्चात् मानवीयत्व हमारा पवित्रवता

को प्राप्त होता रहता है। तो आज का हमारा वेद मन्त्र कुछ अपने में उद्‌गीत गा रहा है अथवा अपने में कुछ वर्णन कर रहा है और वह हमारी जो वर्णन शैली रही है ऋषि-मुनियों की वह बड़ी विचित्रता में रमण करती रही है।

ब्रह्माण्ड एक यज्ञशाला

आज का हमारा वेद मन्त्र यह कहता है यागाम् भवितम् पुरोहिताम् भू वर्ण। तो परमपिता परमात्मा ने जब सृष्टि का सृजन किया तो बेटा! यह जो ब्रह्माण्ड है यह एक प्रकार की यज्ञशाला है। इस यज्ञशाला में मानो प्रायः एक याग हो रहा है और इसमें मुनिवरो! देखो, आत्मा यजमान है, परमपिता परमात्मा स्वयँ ब्रह्मा हैं और उद्‌गीत गाने वाले बेटा! यह पञ्च महाभूत हैं—कोई मानो देखो उनमें अध्वर्यु बना हुआ है, कोई उद्‌गाता है, कोई मानो देखो, अमृते यजमानम् व्रता प्रहा होता बन करके बेटा! वह याग हो रहा है। मैं इस सन्दर्भ में तुम्हें विशेषता में नहीं ले जाऊँगा, केवल यह क्या यह जो ब्रह्माण्ड है यह भी एक प्रकार की यज्ञशाला है और यज्ञशाला में विद्यमान हो करके अपना याग हो रहा है। तो मेरे पुत्रो! देखो, यागाम् रुद्रों भवम् प्रवाणमं प्रव्हे यह आत्मा का भी मानो यह शरीर भी एक प्रकार की यज्ञशाला है। हमारे ऋषि-मुनियों की बड़ी विचित्र एक देन रही है क्या मुनिवरो! देखो, भौतिकवाद को आध्यात्मिकवाद से और आध्यात्मिकवाद को मुनिवरो! देखो, ब्रह्म से कटिबद्ध किया है। उन्होंने ब्रह्मवर्चोसि का उद्‌गीत गाया है उसके ऊपर मानव परम्परागतों से बेटा! अन्वेषण करता रहा है और विचार-विनिमय करता रहा है।

